नजारत अनुभाग , जनपद न्यायालय , ललितपुर ।

कुटेशन आमंत्रण सूचना

पत्रांक 108 / नजारत दिनांक : 11 दिसम्बर 2018

एतद द्वारा समस्त जी0एस0टी0 / अन्य देय कर धारक डीलर्स /प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय , ललितपुर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की रिफलिंग कराया जाना प्रस्तावित है । इस हेतु कुटेशन /स्टीमेट दिनांक 17.12.2018 तक कार्यालय दिवस में शायं 04 बजे तक केन्द्रीय नाजिर को प्राप्त कराये जा सकते है । प्राप्त कुटेशन /स्टीमेट में जो कम से कम दर का होगा उसे माननीय जिला जज महोदय द्वारा स्वीकृत होने के उपरान्त माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद से अनुदान की मांग की जायेगी । माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद से अनुदान प्राप्त हो जाने पर रिफिलिंग का कार्य कराया जायेगा ,रिफिल किये जाने वाले अग्निशमन यंत्रों का विवरण निम्नवत है :-

कमांक	टाइप	क्षमता	नग
1	ड्राई केमिकल पावडर	10 किलोग्राम	28
2	ड्राई केमिकल पावडर	5 किलोग्राम	07
3	ए0बी0सी0 टाइप अग्निशमन	10 किलोग्राम	09

जिसकी शर्ते निम्नवत होगी :-

1. माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद से अनुदान प्राप्त होने पर ही कार्य पूर्ति का आदेश प्रदान किया जायेगा । अनुदान में विलम्ब होने पर किसी भी प्रकार का अन्य देय जैसे मूल्य बढोत्तरी आदि का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा ।
2. रिफलिंग करने वाले सम्बन्धित फर्म को जी0एस0टी0 अथवा अन्य राज्य कर की अदायगी स्वयं करनी होगी ।
3. कार्य पूर्ति आदेश जारी होने के अन्दर 15 दिवस रिफलिंग का कार्य पूरा करना होगा ।
4. कार्य पूर्ति उपरान्त गुणवत्ता पूर्वक कार्य किये जाने के सम्बन्ध में अग्निशमन अधिकारी , ललितपुर से सत्यापन आख्या प्राप्त होने पर उक्त रिफलिंग कार्य का भुगतान जरिये ई पेमेंट किया जायेगा । ।
5. अग्निशमन अधिकारी द्वारा परीक्षण से सम्बन्धित ,यदि कोई शुल्क देय होगा , उसे सम्बन्धित फर्म को भुगतान स्वयं करना होगा , इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा ।
6. सशर्त कुटेशन स्वीकार नहीं होगा ।

प्रभारी अधिकारी , नजारत/
अपर जिला जज , तृतीय ,
जनपद न्यायालय ,ललितपुर ।

प्रतिलिपि -निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. नाजिर सदर , कार्यालय जिलाधिकारी , ललितपुर को नोटिस बोर्ड पर चश्पा कराने हेतु
2. सहायक नाजिर , जनपद न्यायालय , ललितपुर को नोटिस बोर्ड पर चश्पा कराने हेतु।
3. सिस्टम आफीसर , कम्प्यूटर अनुभाग ,जनपद न्यायालय ललितपुर को जनपद न्यायालय ललितपुर एवं माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद की वेवसाइट पर डालने हेतु ।

प्रभारी अधिकारी , नजारत
जनपद न्यायालय ,ललितपुर ।